No.of Printed Pages/Questions: 8/16

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Term- I (2023– 2024 )**

**Class : VI** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3.15Hrs.**

Name: ________________________ class/Section __________ Roll No.: __________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question paper***

***General Instructions:***

सामान्य निर्देष :–

(1) इस प्रष्न पत्र में दो खण्ड हैं–'अ' और 'ब'।

(2) दोनों खण्ड अनिवार्य है।

(3) निर्धारित समय–सीमा 3.00+15 घंटे हैं।

---

(खण्ड'अ')

**प्र01 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(1x5= 5)**

पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा करने से ऋतुओं में परिवर्तन होता है। प्रकृति सदैव अपने रंग–रूप में परिवर्तन करती रहती है। यही कारण है कि भारत वर्ष में छः ऋतुएँ होती है। सभी ऋतुओं का अपना अलग महत्त्व है और सभी की अपनी –अपनी शोभा है, परंतु वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, और ग्रीष्म में से वसंत ऋतु का विशेष महत्त्व है। ग्रीष्म अपने भयंकर ताप से पृथ्वी को तपाता है, तो वर्षा अपने ठंडे–ठंडे जल से धरती की प्यास बुझाती है। शरद और हेमंत अपनी सर्द हवाओं से कंपन उत्पन्न करते हैं। शिशिर पेड़ –पौधौ के पत्तों को ही झटक लेता है। इसके विपरीत वसंत सर्वत्र सौंदर्य और उल्लास बिखेरकर मानव के मन को प्रसन्नता व उमंग से भर देता है। चैत्र और वैशाख के दो महीने वसंत ऋतु के होते हैं। वसंत ऋतु में न अधिक गर्मी होती है, न अधिक सर्दी। जलवायु भी बहुत सुहावनी होती है।

**i– गद्यांश के लिए उचित** शीर्षक छाँटिए :

अ परिक्रमा　　　ब सूर्य का सौंदर्य

स ऋतुएँ　　　द प्रकृति

**ii – ऋतुओं में परिवर्तन कैसे होता है ?**

अ सूर्य द्वारा धरती की परिक्रमा करने से　　　ब चाँद की परिक्रमा करने से

स पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा करने से　　　द प्रकृति के परिवर्तन करने से

**iii – भारत में कितनी ऋतुएँ होती हैं ?**

अ चार　　　ब आठ

स पाँच　　　द छः

iv – वसंत ऋतु के दो महीने कौन से हैं।

अ चैत्र और आषाढ़ | ब चैत्र और सावन

स चैत्र और क्वार | द चैत्र और वैशाख

V– किस ऋतु में पत्ते झड़ते हैं।

अ वसंत | ब हेमंत

स शिशिर | द वर्षा

प्र02 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए– (1X5= 5)

छोड़ घोंसला बाहर आया,
देखी डाले, देखे पात,
और सुनी जो पत्ते हिलमिल
करते हैं आपस में बात
माँ, क्या मुझको उड़ना आया?
नहीं चुरूंगुन, तू भरमाया।

डाली से डाली पर पहुँचा ,
देखीं कलियाँ देखे फूल,
ऊपर उठकर फुनगी जानी,
नीचे झुककर जाना भूल
माँ, क्या मुझको उड़ना आया?
नहीं चुरूंगुन, तू भरमाया।

कच्चे –पक्के फल पहचाने,
खाए और गिराए काट,
खाने –गाने के सब साथी
देख रहे हैं मेरी बाट–
माँ, क्या मुझको उड़ना आया?
नहीं चुरूंगुन, तू भरमाया।

i – घोंसला छोड़कर कौन बाहर आया ?

अ कौआ | ब चुरूंगुन

स कबूतर | द कोई नहीं

ii – घोसले से बाहर आकर चुरूंगुन ने क्या देखा ?

अ पत्ते और डाल | ब कलियाँ और फूल

स गिलहरी और चूहा | द कच्चे–पक्के फल

iii – चुरूगुंन कौन है?

अ चिड़ा | ब चिड़िया
स तोता | द कौआ

iv – चुरूगुंन की बाट कौन देख रहा था ?

अ खाने –गाने के साथी | ब खाने –खेलने के साथी
स नाचने –गाने के साथ | द हँसने –रोने के साथी

v – 'बाट' शब्द का क्या अर्थ है।

अ राहगीर | ब पथिक
स रास्ता | द बटोही

प्र03 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X4= 4)

i – निम्न में से तत्सम शब्द पृथक कीजिए–

अ ग्राम | ब खेत
स सौ | द सोना

ii – निम्न में से तद्‌भव शब्द का उदाहरण है?

अ कूप | ब स्वर्ण
ग घृत | द लोहा

iii – रचना/बनावट के आधार पर नीलगाय किस प्रकार का शब्द है–

अ रूढ़ | ब यौगिक
ग योगरूढ़ | द इनमें से कोई नहीं

iv – निम्न में से यौगिक शब्द का उदाहरण पृथक कीजिए–

अ राजमहल | ब कमल
स पुस्तक | द पंकज

प्र04 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X4= 4)

i – इनमें से कौन–सा गायक का सही संधि विच्छेद है ?

अ गा + यक | ब गै + यक
स गै + अक | द ग + आयक

ii – निम्न में से 'सुरेन्द्र' किस संधि का उदाहरण है?

अ व्यंजन संधि | ब विसर्ग संधि
ग अयादिस्वर संधि | द गुणस्वर संधि

iii – विद्यालय में मन लगाकर पढ़ना चाहिए। रेखांकित शब्द में कौन–सी संधि है।

अ यण स्वर संधि | ब दीर्घ स्वर संधि
ग अयादि स्वर संधि | द गुण स्वर संधि

iv – निम्न में से व्यंजन संधि का उदाहरण पृथक कीजिए–

अ महोदय | ब चरणामृत
स कारावास | द जगन्नाथ

प्र05 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X4= 4)

**i – इनमें से कौन–सा गणेश का पर्यायवाची शब्द नहीं है ?**

अ लंबोदर | ब गजानन
स गणपति | द महादेव

ii – निम्न में से 'नदी' का पयार्यवाची है ?

अ दिवाकर | ब पयोद
ग तटिनी | द कुंतल

iii – विद्या अज्ञानी को भी ––––– बना देती है। रेखांकित शब्द का विलोम है।

अ ज्ञानी | ब संज्ञानी
ग ज्ञानार्जन | द ज्ञानाधिकारी

iv – निम्न में से 'योग' का अनेकार्थक शब्द है–

1 महात्मा | 2 जोड़
3 व्यायाम | 4 समय

कूट

अ 2 और 1 | ब 3 और 4
स 2 और 3 | द 1 और 4

प्र06 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X4= 4)

i – इनमें से भाववाचक संज्ञा का उदाहरण पृथक कीजिए–

अ धीरता | ब धैर्य
स धीरज | द धारण

ii – लक्ष्मी थी या दुर्गा, वह स्वयं वीरता का अवतार थी। वाक्य में से व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

अ वीरता — ब अवतार

ग लक्ष्मी ,दुर्गा — द इनमें से कोई नही

iii – निम्न में से 'कनक' का अनेकार्थक शब्द है–

अ सोना — ब चमक

स स्त्री — द चपला

iv – निम्न में से हंस का स्त्रीलिंग शब्द है –

अ हँसिनी — ब हँसी

स हंसिनी — द हंसी

प्र07 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए– (1X5= 5)

केशव के घर कार्निस के ऊपर एक चिड़िया ने अंडे दिए थे। केशव और उसकी बहन श्यामा दोनों बड़े ध्यान से चिड़िया को वहाँ आते–जाते देखा करते। सवेरे दोनों आँखे मलते कार्निस के सामने पहुँच जाते और चिड़ा और चिड़िया दोनों को वहाँ बैठा पाते । उनको देखने में दोनों बच्चों को न मालूम क्या मज़ा मिलता कि दूध और जलेबी की सुध भी न रहती थी। दोनों के दिल में तरह–तरह के सवाल उठते ।

i – गद्यांश और उसके लेखक का नाम इनमें से कौन–सा है ?

अ बचपन–प्रेमचंद — ब नादान दोस्त –प्रेमचंद

स चिड़िया और अंडे–प्रेमचंद — द केशव की नादानी–प्रेमचंद

ii– चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे ?

अ दीवार पर — ब छत पर

स छप्पर के नीचे — द कार्निस पर

iii केशव और श्यामा सवेरे–सवेरे क्या देखा करते थे ?

अ अंडों को — ब चिड़ा और चिड़िया को

स घोंसले को — द कार्निस को

iv – दोनों बच्चे चिड़ा और चिड़िया को कहाँ बैठा पाते थे ?

अ कार्निस पर — ब दीवार पर

स पेड़ की डाल पर — द फूलों के पास

v – इनमें से 'पक्षी' का पर्यायवाची है।

अ विहग — ब सहोदर

स निशाचर — द दंभ

प्र08 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X2= 2)

i – बचपन में लेखिका इनमें से कौन–कौन सी पोशाकें पहनती थी ?

1 नीली पीली धारी वाला फ्राक
2 हरा रंग का गोल गले वाला फ्राक
3 चुन्नटों वाला घेरदार फ्राक
4 लेमन कलर का बड़ी प्लेटों वाला फ्राक

कूट

1) 2, 3 और 4
2) 1, 2 और 3
3) 1, 3 और 4
4) 1, 2 और 4

ii – केशव और श्यामा के मन में चिड़िया के अंडे और बच्चों को लेकर कौन से सवाल आते थे?

अ अंडे कितने बड़े होंगे ?
ब अंडे किस रंग के होंगे ?
स अंडो से बच्चे कब निकलेंगे ?
द क्या खाते होंगे ?

कूट

1) अ स और ब
2) ब स और द
3) अ द और ब
4) ब द और अ

प्र09 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए– (1X5=5)

वह चिड़िया जो
चोंच मारकर
दूध–भरे जुड़ी के दाने
रूचि से रस से खा लेती है
वह छोटी संतोषी चिड़िया
नीले पंखों वाली मैं हूँ
मुझे अन्न से बहुत प्यार है।

i – कविता के रचियता कौन है?

अ माखन लाल चतुर्वेदी
ब भवानी प्रसाद मिश्र
स केदारनाथ अग्रवाल
द कपिल अग्रवाल

ii – चिड़िया के पंख कैसे है

अ नीले
ब पीले
स काले
द हरे

iii – चिड़िया किसके दाने खाती है ?

अ गेहूँ के — ब चावल

स जुंड़ी के — द मक्के

iv –दाने किससे भरे हुए हैं ?

अ दूध से — ब शहद से

स रस से — द पानी से

v – चिड़िया का स्वभाव कैसा है ?

अ अभिलाषी — ब संतोषी

स महत्वाकांक्षी — द कुंठित

प्र010 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X2= 2)

i किसके सहारे मनुष्य अपना भाग्य बदल सकता है?

अ रत्न — ब धन

स मेहनत — द किस्मत

ii चाँद अपनी पोशाक को कहाँ फैलाए हुए है?

अ पूरब दिशा में — ब पश्चिम दिशा में

स उत्तर दिशा में — द सभी दिशाओं में

(खण्ड'ब')

प्र011 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2X5= 10)

**i** लेखिका कृष्णा सोबती के समय के जूतों और अब के जूतों में क्या अंतर है ?

**ii** लेखिका चॉकलेट खरीदने के तुरंत बाद क्यों नहीं खाती थी ?

**iii** बचपन पाठ के अनुसार हवाई जहाज की कोई दो विषेषताएँ लिखिए–

**iv** ऐसे–ऐसे कहानी पढ़कर मोहन के बारे में क्या पता चलता है ?

**v** मोहन की माँ ने उसका घरेलू इलाज क्या–क्या देकर किया ?

प्र012 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2X4= 8)

**i** चाँद बढ़ता है तो कब तक बढ़ता जाता है ?

**ii** लड़की चाँद के घटने बढ़ने का क्या कारण समझती है ?

**iii** हमें मेहनत से क्यों नहीं डरना चाहिए ?

**iv** 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

प्र013 बाल रामकथा के निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (3X2= 6)

i महर्षि विश्वामित्र ने राम–लक्ष्मण को कौन–सी विद्याएँ सिखाई और उनकी क्या विशेषताएँ थी?

ii राजा दशरथ के पुत्रों तथा उनकी माताओं के नाम लिखिए ?

प्र014 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए– (6X1=6)

i इंटरनेट के लाभ और हानियाँ

ii करें योग,रहें निरोग

iii वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ

iv खेलों का महत्त्व

प्र015 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (5X1= 5)

प्रधानाचार्य को हॉकी की कोचिंग के लिए आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

वैष्णों देवी दर्शन पर जाने के लिए प्रधानाचार्य को पाँच दिन के अवकाशहेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्र016 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए– (5X1=5)

i दशहरा के त्योहार पर दो मित्रों में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

ii पिता एवं पुत्री के बीच परीक्षा की तैयारी को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

***********